वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए एमआरवीसी के निष्पादन पर संक्षिप्त समीक्षा टिप्पणी

दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इस कॉर्पोरेशन के वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है:

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2018 को समाप्त वर्ष	31.03.2017 को समाप्त वर्ष
आमदनी	45.94	60.33
व्यय	44.35	36.19
व्यय की तुलना में अतिरिक्त आय (पूर्व की अवधि मद एवं कर से पहले)	1.59	24.14
जोड़ें /घटाएं – पूर्व की अवधि के समायोजन (निवल)	(0.03)	0.76
वर्ष के लिए व्यय की तुलना में अतिरिक्त आय	1.62	23.38
पिछले वर्ष से स्थिति विवरण में ले जाया गया अधिशेष	211.04	201.50
आंतरिक बढ़ोतरी का परिनियोजन	8.69	13.84
तुलन पत्र में सरप्लस राशि का उल्लेख	203.97	211.04
सी एस आर पर किया गया व्यय	1.01	1.45
प्रति शेयर आमदनी (₹ में) प्रति शेयर अंकित मूल्य ₹1,000/-	**64.75**	**935.38**

कंपनी निदेशक (छूट) ने अपने पत्र दिनांक 24-03-2014 के द्वारा धारा 12ए के अंतर्गत कंपनी का रजिस्ट्रेशन 29-10-2001 से रद्द कर दिया था। यद्यपि यह रद्द की गई कार्रवाई 29-10-2001 से पुन: रिस्टोर कर दी गई, जो कि आयकर अपीलेट ट्रिब्युनल आदेश दिनांक 03-08-2016 के अनुसार की गई। कंपनी आयकर अधिनियम, 1961 के अनुपालन में, उसके लाभों के अधिशेषों की पांच वर्ष की अवधि तक अपने उध्देश्यों के बढ़ावा देने के लिए पुन: निवेश करती है। यद्यपि कंपनी को मूल्यांकन वर्ष 2007-08 से 2010-11 एवं 2012-13 से 2015-16 के आयकर अधिनियम की धारा 156 के अंतर्गत डिमांड नोटिस प्राप्त हो चुकी है। इन वर्षों में यह डिमांड टीडीएस की कुल राशि रु73.13 करोड़ है। इसी तरह, ए.वाय. 2016-17 के लिए कुल भुगतान योग्य टैक्स राशि रु8.62 करोड़ की सूचना भी कंपनी को आयकर अधिनियम की धारा 143(1) के अंतर्गत प्राप्त हुई है.इन टैक्स डिमांड्स के विरुध्द कंपनी ने अपील भी फाईल की है।

आकलन अधिकारी अर्थात डेप्युटी सीआयटी(इ) द्वारा भेजी गई आयकर डिमांड नोटिसों के विरुद्ध, कंपनी द्वारा फाइल की गई अपीलों को देखते हुए, इंस्टिट्युट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी एकाउंटिंग स्टैंडर्ड—22 के अनुसार आस्थगित कर के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

सीईएसटीएटी के समक्ष कंपनी ने अपील फाईल की है इसीलिए सर्विस टैक्स विभाग द्वारा की गई सर्विस टैक्स डिमांड के संदर्भ में कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है।

वर्ष के दौरान मुंबई उपनगरीय यातायात प्रोजेक्ट (रेल कंपोनेंट) के व्ययों के लिए मंजूर बजट रु.1108 करोड़ था, जो संशोधित मंजूर राशि के अनुसार बाद में रु634.50 करोड़ राशि स्वरुप संशोधित किया गया। एमयूटीपी (रेल कंपोनेंट) पर वास्तविक व्यय पिछले वित्तीय वर्ष रु.1645,79 करोड़ के मुकाबले, 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान रु.690.13 करोड़ (अन्य डिपॉजिट कार्यो के लिए रु.2.84 करोड़ शामिल) था।

एमयूटीपी के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं की सूची परियोजनाओं की वित्तीय प्रगति सहित नीचे दी गई है। :-

एम यू टी पी की परियोजनाएं (रेल घटक)

₹ करोड़ में

1.0	**फेज I** - यह कार्य समाप्त हो चुका है			
2.0	**फेज II**			
क्रं सं.	परियोजना	आरंभिक लागत	पुनर्गठित लागत	संचयी व्यय (31 मार्च,2018 तक)
1	कुर्ला - सी एस टी एम (पांचवीं और छठवीं लाइन)	537.00	1367.00	82.91
2	ठाणे - दिवा अतिरिक्त जोड़ी लाइने	115.00	440.00	289.92
3	बोरीवली - मुंबई सेंट्रल छठवीं लाइन	430.00	918.53	202.31
4	हार्बर लाइन का गोरेगांव तक विस्तारण	88.00	214.00	214.22
5	डी सी से ऐसी कन्वर्ज़न	237.00	838.48	776.05
6	ई एम यू खरीद / निर्माण	2324.00	3104.47	2950.72
7	ई एम यू अनुरक्षण सुविधाएं	167.00	353.82	318.31
8	ई एम यू के लिए स्टेबलिंग लाइने	111.00	245.11	237.50
9	तकनीकी सहायता एवं संस्थागत दृढीकरण	52.00	47.00	53.05
10	पुनर्वसन और पुनः स्थापना	109.00	124.00	23.43
11	स्टेशन सुधार एवं अतिक्रमण नियंत्रण	111.00	425.90	401.54
12	फ्रंट एंड फी एवं अनअलोकेटेड	0.00	8.80	0.00
	कुल	**4281.00**	**8087.11**	**5549.97**

3.0	**हार्बर लाईन पर 12 कोच की ट्रेन संचालन (सी एस टी एम पनवेल/ अँधेरी)**			
क्रं सं.	परियोजना	आरंभिक लागत	अनुमानित पूर्णता लागत	संचयी व्यय (31 मार्च,2018 तक)
1	सी एस टी एम -पनवेल हार्बर लाईन पर 12 कोच (सिडको पार्ट)	596.20	661.21	610.19
2	सी एस टी एम -पनवेल हार्बर लाईन पर 12 कोच (एम एम आर डी ए पार्ट)	117.90	128.34	127.03
	कुल	**714.10**	**789.55**	**737.21**
4.0	**एम एम आर डी ए हेतु कार्य**			
क्रं सं.	परियोजना	आरंभिक लागत	पुनर्गठित लागत	संचयी व्यय (31 मार्च,2018 तक)
1	अँधेरी मेट्रो स्टेशन एम एम आर डी ए के बीच स्काईवाक का निर्माण	6.50	7.99	6.75
	कुल	**6.50**	**7.99**	**6.75**

5.0	**फेज III**		
क्रं सं.	परियोजना	पूर्णता लागत	संचयी व्यय (31 मार्च, 2018 तक)
1	ऐरोली कलवा के बीच (एलिवेटेड) नई सबर्बन कॉरिडोर लिंक	476.00	0.17
2	पनवेल कर्जत (डबल लाइन) नई सबर्बन रेलवे कॉरिडोर	2782.00	31.54
3	विरार डहाणू रोड का चौहरीकरण	3578.00	31.21
4	रोलिंग स्टॉक (565 कोचेज) की प्राप्ति	3491.00	0.00
5	मध्य अनुभाग में अतिक्रमण पर रोक	551.00	0.02
6	तकनीकी सहयोग	69.00	1.32
	कुल	**10947.00**	**64.25**
6.0	**डीपीआर- लोनावला की तैयारी के लिए सलाहकार सेवाएं**		
क्रं सं.	परियोजना	अनुमानित लागत	संचयी व्यय (31 मार्च, 2018 तक)
1	डीपीआर- लोनावला की तैय्यारी के लिए सलाहकार सेवाएं	3.17	1.86
	कुल	**3.17**	**1.86**

7.0	**एम आर वी सी के अधिशेष से किए गए अन्य एम यू टी पी कार्य**	
क्रं सं.	परियोजनाएं	संचयी व्यय (31 मार्च,2018 तक)
1	द्वितीय श्रेणी सीटों में गद्दे की व्यवस्था	0.30
2	चर्चगेट में प्लेटफॉर्म सं. तीन और चार का 15 कोचों के लिए कवरशेड सहित विस्तारण	4.73
3	ई एम यू अनुरक्षण पश्चिम रेलवे (एम आर वी सी द्वारा) - फेज 2	9.92
4	सी एस टी एम पैदल ऊपरी पुल(उपनगरीय लाइन से मेन लाइन तक)	9.09
5	हार्बर लाइन का विस्तारण	10.00
6	स्टेबलिंग लाइन - फेज-2 (एम आर वी सी द्वारा निष्पादन)	5.53
7	एम यू टी पी-2 के विद्युत् के लिए वेयरहाउस की सुविधा - ई एम यू - आई सी एफ	9.28
8	परेल दक्षिण में फुट ओवर ब्रिज का एक्सटेंशन और माटुंगा रोड में मध्य ओवर ब्रिज का फ्लोरिंग और कवर शेड लेडिंग	1.68
9	ठाणे दीवा के बीच पांचवी और छठवीं लाइन	12.76
10	सीसीजी-वीआर में लगभग 11700 स्क्वेअर मी. प्लेटफार्म कवर प्रदान करना	4.02
11	सीएसटीएम-कर्जत एवं कल्याण-कसारा में 31 स्टेशनों पर इंडिकेटर्स तथा उद्घोषणा व्यवस्था जैसी यात्री सुविधाओं का विस्तार	1.12
12	मुंबई क्षेत्र में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण (पश्चिम रेलवे द्वारा कार्य)	0.43
13	मुंबई क्षेत्र में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण (मध्य रेलवे द्वारा कार्य)	0.30
14	टॉवर लाईट्स एवं पोल लाईट्स तथा रोड का निर्माण (मध्य रेलवे)	0.37
	कुल	**69.51**

आलोच्य वर्ष के दौरान एमआरवीसी द्वारा प्राप्त की गई कुछ प्रमुख उपलब्धियं निम्नानुसार हैं :-

ए) अंधेरी-गोरेगांव सेक्शन हार्बर लाईन का एक्सटेंशन :

यह सेक्शन दिनांक 30.12.2017 को प्रारंभ हुआ। महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे, डी आर एम मुंबई सेंट्रल तथा अन्य अधिकारियों ने अंधेरी से गोरेगांव सेक्शन का (तथा वापस) एक 12 कोच की ई एम यू ट्रेन द्वारा दौरा किया।

दिनांक 20.02.2018 को हार्बर लाईन पर अंधेरी एवं गोरेगांव के नए ट्रैक पर रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सी आर एस) द्वारा फायनल स्पीड ट्रायल का आयोजन किया गया जो सफल रहा। सेक्शन को 100 किमी प्रति घंटे के हिसाब से गाड़ी चलाने हेतु फिट माना गया।

हार्बर लाईन के अंधेरी-गोरेगांव सेक्शन का उद्घाटन दिनांक 29.03.2018 को माननीय रेल मंत्री द्वारा किया गया। सेक्शन पर नियमित सेवाएं दिनांक 01.04.2018 से प्रारंभ की गयी। इसी दौरान अंधेरी में नया एलिवेटेड बुकिंग कार्यालय, डॉकयार्ड में एक लिफ्ट तथा एक एस्केलेटर, वडाला में दो लिफ्ट तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में दो एस्केलेटर का उद्घाटन भी किया गया ।

बी) हार्बर लाईन पर 12 कोच की ट्रेन का संचालन :
सी एस टी एम-अंधेरी के बीच हार्बर लाईन पर 12 कोच ट्रेन संचालन कार्य संदर्भ में तेरह नई 12 कोच रेक ई एम यू ट्रेन में से, पहली रेक दिनांक 11.11.2017 को प्राप्त हुई । सभी गाड़ियां इसी वित्तीय वर्ष में प्राप्त हुई जिन्हें फरवरी, 2018 तक सेवाओं में लगा दिया गया । वर्ष के दौरान इस कार्य अंतर्गत मध्य रेलवे में 6 एस्केलेटर एवं 13 एलीवेटर्स स्थापित किए गए और कार्य की शुरुआत की गई ।

सी) एम यू टी पी 3ए :
एम एम आर दीर्घकालिक उपनगरीय यातायात के विषय पर पश्चिम एवं मध्य रेलवे तथा महाराष्ट्र सरकार सहित सभी हितधारक एम आर वी सी के साथ गहरे विचार-विमर्श में जुड़े रहे हैं । माननीय रेल मंत्री का मानना था कि मुंबई उपनगरीय व्यवस्था के लिए जरुरी है कि सभी प्रस्ताव एकल आधार पर प्रस्तुत किए जाएं । तद्नुसार, सभी रेल आधारित प्रोजेक्ट एम यू टी पी 3ए के रुप में अवधारित एवं प्रस्तुत किए गए । एम यू टी पी 3ए का प्रस्ताव मध्य रेल को भेजा गया जिसने इसे आगे बढ़ाया और ₹54,777 करोड़ की लागत पर वर्ष 2018-19 के रेल बजट में एम यू टी पी 3ए को शामिल किया गया । एम यू टी पी 3ए के लिए विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) एम आर वी सी द्वारा पूर्ण की गई एवं अप्रैल, 2018 के अंतिम सप्ताह में मंजूरी एवं अगली कार्यवाही के लिए रेलवे बोर्ड को भेजी गयी ।

एम यू टी पी 3ए के अंतर्गत सी एस एम टी-पनवेल एलीवेटेड लाइन(35 किमी.), पनवेल-विरार कॉरीडोर्स (70 किमी.), गोरेगांव तथा बोरीवली की हार्बर लाईन में एक्सटेंशन (7 किमी.), बोरीवली एवं विरार के बीच पांचवी तथा छठवीं लाईन (26 किमी.), कल्याण एवं आसनगांव के बीच चौथी लाईन (32 किमी.), कल्याण एवं बदलापुर की तीसरी व चौथी लाईन (14 किमी.) इत्यादि विभिन्न उपनगरीय कॉरीडोर्स का प्रावधान किया जायेगा। इसमें 210 वातानुकूलित बोगी और आवश्यक रख-रखाव के साथ ही वर्तमान बिजली आपूर्ति की अपग्रेडिंग का समावेश है।

डी) पश्चिमी एवं मध्य रेल की अतिरिक्त सेवाएं :
एम यू टी पी ॥ के अंतर्गत बॉम्बार्डियर कोच की 72 ट्रेनों की आपूर्ति पूर्ण होने से ऑक्टोबर, 2017 से पश्चिम रेलवे ने 32 अतिरिक्त सेवाएं और मध्य रेलवे ने 14 अतिरिक्त सेवाएं अपनी हार्बर एवं ट्रांस-हार्बर लाईनों पर प्रारंभ की। इन नई सेवाओं की उपलब्धता से भीड़ की परेशानी से बचने के लिए मुंबई उपनगरीय यात्रियों को राहत मिलने की अपेक्षा है।

ई) मध्य एवं पश्चिम रेलवे में नए एफ ओ बी का निर्माण :

रेलवे बोर्ड ने अपने दिनांक 03.11.2017 पत्र के अनुसार एम आर वी सी को मुंबई उपनगरीय सेक्शन पर मध्य एवं पश्चिम रेलवे स्टेशनों पर 28 एफ ओ बी निर्माण कार्य सौंपने का निर्णय लिया। सभी एफ ओ बी के कार्य ठेके आवंटित किए जा चुके हैं। मध्य रेलवे के 5 लोकेशन एवं पश्चिम रेलवे के 7 लोकेशन पर एफ ओ बी निर्माण कार्य शुरु हो चुका है।

एफ) दिनांक 26.01.2018 को मध्य एवं पश्चिम रेलवे में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विविध ट्रेसपास उपाय कार्यों का ई-उद्घाटन :

- तिलक नगर एवं विद्याविहार में फुट ओवर ब्रिज
- रे रोड, मानखुर्द और बोरीवली में लिफ्ट
- किंगसर्कल में बुकिंग ऑफिस

जी) बोरीवली में प्लेटफार्म नं. 10 पर लिफ्ट का ई-उद्घाटन :

एम यू टी पी 2ए के अंतर्गत किए गए ट्रेसपास नियंत्रण उपाय हेतु बोरीवली स्थित प्लेटफार्म नं. 10 पर दिनांक 13.08.2017 को माननीय रेल मंत्री द्वारा लिफ्ट का उद्घाटन किया गया।

एच) दिनांक 07.07.2017 को रेल सम्मेलन समिति का दौरा :

मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (एम यू टी पी) के रेल कंपोनेंट की प्रगति संबंधी रिपोर्ट एम आर वी सी द्वारा दिनांक 07.07.2017 को रेलवे कंवेंशन समिति के अध्यक्ष एवं माननीय सदस्यों को सौंपी गई। समिति एम यू टी पी के विकास से संतुष्ट थी एवं उन्होंने एम आर वी सी के कार्यों की सराहना की।

आई) दिनांक 14.09.2017 को संसदीय समिति का दौरा :

दिनांक 14.09.2017 को अपने औरंगाबाद दौरे के समय संसदीय समिति ने एम यू टी पी के रेल कंपोनेंट की प्रगति की समीक्षा की तथा एम आर वी सी के कार्यों की सराहना की।

जे) मैग्नेटिक महाराष्ट्र कन्वर्जेंस 2018 प्रदर्शिनी :

दिनांक 18.02.2018 से 23.02.2018 के दौरान एम एम आर डी ए प्रदर्शिनी ग्राउंड, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा में महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित मैग्नेटिक महाराष्ट्र प्रदर्शिनी में एम आर वी सी ने भाग लिया। एम आर वी सी ने प्रदर्शिनी में एक स्टॉल स्थापित किया था जिसमें एम यू टी पी रेल गतिविधियां दर्शाई गई थी । एम आर वी सी स्टॉल पर महाविद्यालयीन छात्रों द्वारा ट्रेसपास न करने एवं मुंबई लोकल में सुरक्षित यात्रा संबंधी शपथ लेने के संबंध में उत्साह प्रकट किया गया।

के) एम ओ एस पी आय द्वारा एम यू टी पी II के विकास संबंधी समीक्षा समिति :

एम यू टी पी फेज II की प्रगति पर दिनांक 09.12.2017 को मुंबई में आयोजित समीक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता डॉ. अमिता प्रसाद, अतिरिक्त सचिव (एस एंड पी आय) ने की। निदेशक (आय पी एम डी) ने अतिरिक्त सचिव (एस एंड पी आय) के साथ बैठक में सहभागिता की ।

एल) दिनांक 16.03.2018 को लिंग संबंधी संवेदनशील दृष्टिकोण पर कार्यशाला :

विश्व बैंक के सहयोग से मुंबई उपनगरीय व्यवस्था अंतर्गत यातायात में महिला वर्ग की आवश्यक्ताओं संबंधी संवेदनशील दृष्टिकोण विषय पर एम आर वी सी में एक संयुक्त पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें अक्षरा सेंटर, सेफ्टीपिन, सेफसिटी, द अर्बन विजन जैसी गैर-सरकारी संस्थाएं तथा एम एम आर डी ए, एम एम आर सी, टी आई एस एस, विश्व बैंक, पश्चिम रेलवे एवं मध्य रेलवे इत्यादि विभागों से विभिन्न विशेषज्ञों ने भाग लिया । इस कार्यशाला में कुछ कार्रवाई संबंधी मदों पर भी विचार-विमर्श हुआ। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि एम यू टी पी III में स्टेशनों की अभिकल्पना के समय स्त्री सुविधाओं / सुरक्षा संबंधी दृष्टिकोण के मामलों पर ध्यान रखा जाए।

एम) आर टी आय के ऑनलाईन पोर्टल सहित संदर्भित अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर एम आर वी सी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जागरुकता लाने की दृष्टि से दिनांक 22.03.2018 को आर टी आय अधिनियम 2005 के कार्यान्वयन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एन) एमओआर एवं एमआरवीसी के बीच समझौता ज्ञापन निष्पादन पर हस्ताक्षर :

अंतर-मंत्रालयीन समिति (आयएमसी) के साथ दिनांक 15.05.2017 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादन 2017-18 के लक्ष्य निर्धारित किए गए और इन्हें एम आर वी सी एवं रेल मंत्रालय के बीच दिनांक 22.06.2017 को हस्ताक्षरित किया गया।

ओ) समझौता ज्ञापन (एमओयू) का वर्ष 2016 -17 का रेटिंग :

रेलवे मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) 2016-17 के आधार पर डीपीई ने एमआरवीसी के निष्पादन को प्रतिपादित किया है । वर्ष 2016-17 में एम आर वी सी को डीपीई द्वारा 'वेरी गुड' रेटिंग दी गयी।

*****